पाठ: 3

मैट्रो रेल का सुहाना सफर

(एक या दो वाक्य वाले उत्तर)

प्रश्न (क) गुरुजी ने बच्चों को क्या वचन दिया था?

उत्तर : गुरुजी ने बच्चों को प्रथम आने पर मैट्रो रेल के सुहावने सफर का उपहार देने का वचन दिया था।

प्रश्न (ख) कैसे पता चलता है कि यह बच्चे पंजाब से आये हैं?

उत्तर : बच्चों के ट्रैक सूट पर छपे 'पंजाब' से पता चलता है कि यह बच्चे पंजाब से आये हैं।

प्रश्न (ग) मैट्रो रेल की पटरी कहाँ - कहाँ बिछाई जाती है?

उत्तर : मैट्रो रेल की पटरी जमीन पर, सड़क पर पुल बनाकर जमीन के नीचे सुरंग खोदकर बिछाई जाती है।

प्रश्न (घ) लिफ्ट का प्रयोग किन लोगों के लिए किया जाता है?

उत्तर : लिफ्ट का प्रयोग वृद्धों, बीमारों और अपाहिज लोगों के लिए किया जाता है।

प्रश्न (ड.) स्टेशन पहुँचने पर बच्चे क्या देखकर हैरान हुए?

उत्तर : स्टेशन पहुँचने पर बच्चे स्टेशन की साफ-सफाई व सजावट को देखकर हैरान हुए।

प्रश्न (च) स्टेशन पर यात्रियों की सुरक्षा जाँच कैसे की जाती है?

उत्तर : स्टेशन पर यात्रियों की सुरक्षा जाँच के लिए एक विशेष यंत्र लगाया जाता है जो किसी भी विस्फोटक सामग्री के पास आते ही अपने आप विशेष ध्वनि निकालने लगता है। इसके अतिरिक्त सुरक्षा के लिए सुरक्षाकर्मी भी लगे होते हैं।

प्रश्न (छ) स्वचालित प्रवेश द्वार किस प्रकार कार्य करता है?

उत्तर : एक यात्री के लिए एक टोकन यात्रा के लिए दिया जाता है। इस टोकन को मशीन के पास लाने से स्वचालित प्रवेश द्वार खुल जाता है और यात्री इसमें से निकल जाता है।

प्रश्न (ज) स्मार्ट कार्ड का क्या उपयोग है?

उत्तर : स्मार्ट कार्ड प्रतिदिन यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए होता है। इसे यात्री द्वारा मशीन के पास लाने से उनकी यात्रा के अनुसार अपने आप ही किराया कट जाता है। इससे समय की बचत भी होती है।

प्रश्न (झ) पर्यटन- कार्ड द्वारा कितने दिन तक यात्रा कर सकते हैं?

उत्तर : पर्यटन- कार्ड द्वारा एक से तीन दिन तक अनियमित यात्रा कर सकते हैं।

प्रश्न (ञ) गाड़ी की प्रतीक्षा करते समय कौन से रंग की पट्टी से आगे नहीं जाना चाहिए?

उत्तर : गाड़ी की प्रतीक्षा करते समय पीले रंग की पट्टी से आगे नहीं जाना चाहिए।

प्रश्न (त) प्लेटफार्म पर हमें क्या - क्या नहीं करना चाहिए?

उत्तर : प्लेटफॉर्म पर हमें पीली पट्टी को पार नहीं करना चाहिए। रेल की पटरी पर कभी भी नहीं जाना चाहिए। प्लेटफार्म पर थूकना नहीं चाहिए, गंदगी नहीं फिलानी चाहिए और कोई वस्तु खानी पीनी नहीं चाहिए।

प्रश्न (थ) मैट्रो गाड़ी की खिड़कियाँ क्यों नहीं खुलती?

उत्तर : मैट्रो गाड़ी पूरी तरह से वातानुकूलित होने की वजह से इसकी खिड़कियाँ नहीं खुलती।

प्रश्न (द) इलेक्ट्रॉनिक सूचना पट्ट पर क्या सूचनाएं दी जाती हैं?

उत्तर : इलेक्ट्रॉनिक सूचना पट्ट पर लगातार आने वाले स्टेशनों की सूचनाएं दी जाती हैं ।

(तीन- चार वाक्यों वाले उत्तर)

प्रश्न (क) मैट्रो स्टेशन आम स्टेशन से किस प्रकार भिन्न है?

उत्तर : आम स्टेशन प्रायः जमीन पर ही होते हैं लेकिन मैट्रो स्टेशन परिस्थिति और सुविधा अनुसार बना होता है। यह जमीन, सड़क पर पुल बनाकर या जमीन के नीचे सुरंग खोदकर बिछाई जाती है। इन स्टेशनों पर लिफ्ट लगी होती है और आम स्टेशनों पर ऐसा नहीं होता। मैट्रो स्टेशनों पर ऐसी साफ-सफाई एवं सजावट होती है जो आम स्टेशनों पर सामान्यतः नहीं होती। मैट्रो स्टेशन पर संगमरमर का फर्श और अत्याधुनिक बिजली के उपकरण लगे होते हैं जो आम स्टेशनों पर नहीं मिलते।

प्रश्न (ख) टोकन, स्मार्ट कार्ड और पर्यटक कार्ड में क्या अंतर हैं?

उत्तर : टोकन -(1) यह एक यात्रा के लिए प्रति यात्री दिया जाता है

(2) टोकन मशीन के निकट लाने से प्रवेश द्वार खुल जाता है।

स्मार्ट कार्ड - (1) यह प्रतिदिन यात्रा करने वाले यात्रियों को दिया जाता है।

(2) इस कार्ड को मशीन के पास लाने से यात्रा के अनुसार किराया अपने आप कट जाता है।

पर्यटक कार्ड - (1) यह एक से तीन दिन तक की मैट्रो रेल की यात्रा के लिए दिया जाता है।

(2) यह पर्यटन के लिए दिया जाता है।

प्रश्न (ग) मैट्रो रेल के स्वचालित द्वार से जाने और निकलने में किन किन बातों का ध्यान रखना चाहिए?

उत्तर : मैट्रो रेल के स्वचालित द्वार से जाने और निकलने में निम्नलिखित बातों का ध्यान रखना चाहिए-

(1) द्वार खुलते ही तुरंत गाड़ी में चढ़ जाना चाहिए।

(2) द्वार खुलते ही तुरंत गाड़ी से निकल जाना चाहिए।

(3) द्वार के बंद होने की स्थिति में ना चढ़ना चाहिए और ना ही उतरना चाहिए।

प्रश्न (घ) भूमिगत प्लेटफार्म से आप क्या समझते हैं?

उत्तर : भूमिगत प्लेटफार्म भूमि के अंदर सुरंग खोदकर बनाया जाता है। भूमि के अंदर ही पटरी बनाई जाती है जिस पर मैट्रो रेलें चलती हैं।